भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1285
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कर्नाटक में एम्स

1285. श्री प्रज्वल रेवन्ना:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि कर्नाटक में एक भी एम्स नहीं है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ख) क्या सरकार का राज्य में ऐसा एक संस्थान स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो इस उद्देश्य हेतु किस स्थान को चिह्नित किया गया है और इसके कर्नाटक में कब तक स्थापित होने की संभावना है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेंद्रों की उपलब्धता में अंतर को ध्यान में रखते हुए, देश के विभिन्न हिस्सों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित किए गए हैं। अब तक, इस योजना के तहत 22 एम्स को स्वीकृति दी गई है। कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ क्षेत्र में एम्स की स्थापना का प्रस्ताव राज्य सरकार से प्राप्त हो गया है। इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है।

******